Rajasthan Police District Bhilwara	प्रेसनोट दिनांक 11.03.2025	श्री धर्मेन्द्र सिंह आई.पी.एस. जिला पुलिस अधीक्षक भीलवाडा

- **श्रीमान एस. सेंगाथिर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर ने रिजर्व पुलिस लाईन भीलवाडा का किया वार्षिक निरीक्षण।**
- **रिजर्व पुलिस लाईन भीलवाडा में अधिकारियों/कर्मचारियों की सेरेमोनियल परेड की ली सलामी**
- **सम्पर्क सभा का हुआ आयोजन**
- **पुलिस अधीक्षक कार्यालय का किया दौरा**
- **जिले के सभी अधिकारियों की ली अपराध समीक्षा बैठक**
- **रिजर्व पुलिस लाईन भीलवाडा में हुआ सामूहिक भोज का आयोजन**

श्रीमान एस. सेंगाथिर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर द्वारा दिनांक 11.03.2025 को रिजर्व पुलिस लाईन भीलवाड़ा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। श्रीमान एस. सेंगाथिर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन में अधिकारियों/कर्मचारियों की सेरेमोनियल परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाईन भीलवाड़ा में मॉक ड्रील, रॉईट कन्ट्रोल ड्रील, पीटी व स्क्वॉड ड्रील का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रमों के पश्चात् जिले के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों की सम्पर्क सभा ली गई जिसमें सभी की समस्या सुनी जाकर उनका त्वरित निस्तारण किया गया।

श्रीमान एस. सेंगाथिर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का दौरा किया गया। जिले के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकगणों, वृत्ताधिकारीगणों व थानाधिकारीगणों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई तथा आवश्यक दिशा—निर्देश दिये गये। रिजर्व पुलिस लाईन में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

GENCY